तकदीर बनाने वाले ने कैसी तकदीर बनाई है

तकदीर बनाने वाले ने कैसी तकदीर बनाई है,
कैसी तकदीर बनाई है, कैसी तकदीर बनाई है,
तकदीर बनाने वाले ने.....

जब पैसा पास में होता है तो दुनिया पास बुलाती है,
जब पैसा खत्म हो जाता है तो दुनिया भी ठुकराती है,
तकदीर बनाने वाले ने....

जब गोद में ललना होता है तो सासुल पास बिठाती है,
जब सूनी गोद रहे मेरी तो सासुल भी ठुकरती है,
तकदीर बनाने वालों ने.....

जब कंचन काया होती है साजन भी गले लगाते हैं,
जब काया साथ ना देती है तो साजन भी ठुकराते हैं,
तकदीर बनाने वाले ने....

तू हरि सुमर गुरु नाम सुमर हरि सुमिरन में बड़ी शक्ति है,
जब सर पर हाथ हो सतगुरु का फिर नैया पार हो जाती है,
तकदीर बनाने वाले ने.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26604/title/takdeer-banane-wale-ne-kaisi-takdeer-banayi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |